(iv) Important cases of sabotage are being investigated by special squads of the CID of the concerned States.

(v) The State Governments have also geared up the intelligence machinery. Close liaision is maintained with all investigating the intelligence agencies. At all levels frequently available information is exchanged so that coordinated efforts are made to prevent and detect sabotage cases.

(vi) Due to timely action taken by Railway Protection Force and gangmen patrolling the track since November, 1977, 17 cases of tampering with the track were promptly noticed which led to prevention of accidents.

बिहार के आदिवासी क्षेत्रों में रेलवे लाइनों की लम्बाई

95. **श्री अघन सिंह ठाकुर** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के आदिवासी क्षेत्रों में रेलवे लाइनों की कुल लम्बाई कितनी है ;

(ख) क्या इन क्षेत्रों के विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इन क्षेत्रों में नई रेलवे लाइनें बिछाने हेतु कोई योजना बनाई गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) बिहार के आदिवासी क्षेत्रों अर्थात् राज्य के संथाल परगना, हजारीबाग, छोटानागपुर, पलामू और सिंहभूम जिलों में लगभग 1680 मार्ग किलो मीटर रेलवे लाइनें हैं ।

(ख) और (ग). निम्नांकित लाइनों के लिए हाल ही में सर्वेक्षण किए गए हैं :—

		कि०मी० में लम्बाई	निर्माण की लागत (करोड़ रुपयों में)
1.	मन्दारहिल—दुमका	64	7.7
2.	दुमका—बैद्यनाथधाम	63	6.96
3.	दुमका—मधुपुर	59	6.31
4.	गिरिडीह—हजारीबाग टाउन	56	8.62
5.	हजारीबाग-रोड—हजारीबाग टाउन	78	12.7
6.	हजारीबाग टाउन—रांची रोड	40	6.18
7.	दुमका—सैंथिया	56	5.51
8.	दुमका—रामपुर हाट	54	5.18
9.	कोरबा—रांची	312	68.68
10.	गुआ—तालिबा वाया बड़ाजामदा	15	4.00

निम्नलिखित लाइनों के सर्वेक्षण 1977-78 म शुरू किए गए हैं ।

1. रांची रोड से गिरिडोह वाया कोडरमा

2. बैद्यनाथधाम से मन्दारहिल

इन लाइनों का निर्माण संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

दिल्ली-राजहरा से बेलाडिला रेलवे लाइन

96. **श्री प्रधन सिंह ठाकुर** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली-राजहरा से बेलाडिला तक रेलवे लाइन के लिए मंजूरी दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या इसरे लवे लाइन का निर्माण कार्य अभी आरम्भ नहीं हुआ है; ौर

(ग) इस रेलवे लाइन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ हो जाएगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग). रायपुर-धमतरी छोटी लाइन खण्ड को बड़ी लाइन में बदलने तथा डल्ली राजहरा से जगदलपुर तक बड़े आमान की एक नई लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण-कार्य पूरा हो चुका है । इस सम्पूर्ण परियोजना पर लगभग 55 करोड़ रुपए खर्च होने की सम्भावना है । पहली अनवरत योजना की अवधि में इस परियोजना का उपयुक्त चरणों में निर्माण-शुरू करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है ।

रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को सुविधाएं दिया जाना

97. **श्री एस० एस० सोमानी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में, वर्षवार, रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को सुविधाएं देने हेतु प्रत्येक रेलवे जोन के लिए कितनी राशि आवंटित की गई है; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस शीर्षक के अन्तर्गत प्रत्येक जोन ने वास्तव में कितनी राशि व्यय की ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) आवटन (संशोधित)

(आंकड़े हजार रुपयों में)

रेलवे	1974-75	1975-76	1976-77
मध्य	92,13	18,11	13,75
पूर्व	36,86	8,48	37,95
उत्तर	34,53	73,99	61,39
पूर्वोतर	14,22	95,18	98,59
पूर्वोतर सीमा	3,67	5,40	7,45
दक्षिण	29,03	20,24	42,47
दक्षि ण मध्य	19,97	13,00	16,57
दक्षिण पूर्व	12,70	9,11	18,52
पश्चिम	22,27	37,73	39,80
जोड़	2,65,38	2,81,24	3,36,49